जोधपुरिया धाम में सिलेंडर फटने से लगी आग, 12 दुकानों को चपेट में लिया

करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

टोंक (निसं)। जिले के निवाई उपखण्ड में स्थित देवधाम जोधपुरिया मंदिर में बुधवार तड़के दुकानों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि 12 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार आग दुकान में रखे सिलेंडर के फटने से लगी।

निवाई सदर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 4 बजे देवधाम जोधपुरिया परिसर में एक दुकान में दुकानदार चाय बनाने के लिए सिलेंडर चालू कर रहा था। इस दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही दुकानदार तुरंत दौड़कर बाहर की ओर भागा, आग इतनी भीषण थी कि आसपास मौजूद करीब 12 दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें प्रसाद, कॉस्मेटिक, महिलाओं के लिए चुड़िया आदि फैंसी सामानों की दुकाने थी। बाद में आग की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और मंदिर परिसर की पुलिस चौकी टीम मौके पर पहुंची।

फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, जहां दो घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आगजनी में दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। फिलाहल मौके पर पटवारी और पुलिस नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

टोंक जिले के निवाई उपखण्ड में स्थित देवधाम जोधपुरिया मंदिर में बुधवार तड़के दुकानों में आग लगने से कॉस्मेटिक, फैंसी सामान जल कर राख हो गया।

- बुधवार सुबह करीब 4 बजे देवधाम जोधपुरिया परिसर में एक दुकानदार चाय बनाने के लिए सिलेंडर चालू कर रहा था। इस दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही दुकानदार बाहर भागा

पायलट के संदेश के बाद कांग्रेस में उत्साह

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने विराटनगर, पावटा-प्रागपुरा नगरपालिकाओं में कांग्रेस की जीत पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियो को हार्दिक बधाई।

पावटा(निसं)। विराटनगर एवं पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस पूर्व डिप्टी सीएम व वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने दोनों नगरपालिकाओं में कांग्रेस की जीत पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए निरंतर जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। कोटपूतली-बहरोड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन मीना देवी पत्नी अजय सैनी एवं वाइस चेयरमैन सोमवती मीणा पत्नी जगदीश मीणा व विराटनगर नगरपालिका चेयरमैन देशराज सैनी, वाइस चेयरमैन महेश कुमार बलाई का स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों जनप्रतिनिधियों को जीत की बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगरपालिका में कांग्रेस को मिले जनसमर्थन के पीछे संगठन की एकजुटता और जनता का विश्वास महत्वपूर्ण रहा है। वहीं नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का भरोसा दिलाया।

Government Of Rajasthan
कार्यालय प्रधानाचार्य, श्री जगन्नाथ पहाड़िया चिकित्सा महाविद्यालय, भरतपुर
EMAIL- principal.mc.bhartpr@rajasthan.gov.in
क्रमांकः मेडि. कॉले. / उपापन समिति/2026/4271 दिनांकः 25/09/2026
निविदा प्रेस विज्ञप्ति
इस चिकित्सा महाविद्यालय में Annual Maintenance Rate Contract For Servicing, Repaire and Maintenance of Computer System with UPS, Printer, Photostate Machine Cum Scanner, Software हेतु राशि रूपये 2050000/- की ऑनलाइन निविदा किये जाने हेतु दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अंतर्गत दिनांक 05.10.2026 को सांय 05.00 बजे तक इच्छुक पात्र संवेदकों/बोली दाताओं से ऑनलाइन निविदा दरें आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.govt.in पर देखी जा सकती है।
NIB CODE NO. -MBT2627A0017
UBN NOMBT2627SLOB00016
(डॉ0 विवेक भारद्वाज)
प्रधानाचार्य
एसजेपी मेडीकल कॉलेज, भरतपुर
DIPR/C/16786/2026

राजस्थान सरकार
कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, चूरू
फोन नं.:-01562-250920, Email Id- ddchuru.wcd@rajasthan.gov.in
क्रमांक-1394 दिनांकः-25.09.2026
ई-बिड आमंत्रण सूचना 1/26-27 व 2/26-27
चूरू जिले के अन्तर्गत संचालित 226 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका विकसित करने हेतु बिड सूचना संख्या 1/2026-27 व 226 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मरम्मत एवं डिस्टेम्पर करने हेतु बिड सूचना संख्या 2/2026-27 दिनांक 25.09.2026 शाम 5 बजे से दिनांक 08.10. 2026 शाम 04 बजे तक ई-बिड आमंत्रित की जाती है। बिड दस्तावेज का पूर्ण विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा और डाउनलोड किया जा सकता है।
एन0आई0बी0 नं.- ICD2627A0081
यूबीएन नं.- ICD2627WSOB00089
(सुभाष बिश्नोई)
उपनिदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग
चूरू
DIPR/C/16680/2026

RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR
(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014, Regd. Office : 756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj.), Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2026-27/D - 3689 दिनांक :- 28/09/2026
ई-निविदा सूचना सं. 27/2026-27
निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार एक वर्ष की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में क्रम संख्या 01 से 14 तक की निविदा एकल बिड के तहत आमंत्रित की जाती है।

निविदा की कुल लागत	रूपये 290.47 लाख
ऑन लाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख	28 सितम्बर 2026 दोपहर 02:00 बजे से 11 अक्टूबर 2026 सायं 04.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख	11 अक्टूबर 2026 सायं 06.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख	12 अक्टूबर 2026 दोपहर 01.00 बजे

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संषोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।
UBN No. : RID2627WSOB00325 To RID2627WSOB00338
महाप्रबन्धक
राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
राजस्थान, जयपुर।
राज.संवाद/सी/26/11023

विवाहिता की संदिग्ध मौत

भीलवाड़ा। बाल विवाह के सामाजिक दंश और एक नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। आसींद क्षेत्र निवासी एक बालिका, जिसका विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व बाल्य अवस्था में हुआ था, की उसके ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति व सास-ससुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मांडल उपखंड अधिकारी (एसडीएम) जांच में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री ने निकाय चुनावों में बाड़मेर, जैसलमेर व बालोतरा में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी

नगर निकाय चुनाव की जीत की ऊर्जा लेकर अब पंचायती राज चुनाव में जुटें कार्यकर्ता

बाड़मेर, । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुल 204 निकायों में भाजपा ने अपना बोर्ड बनाया है। यह ऐतिहासिक विजय संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम हैं।

- अंतिम छोर तक पहुंचाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और संगठन का संदेश : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाड़मेर के दोनों निकायों में हम विजयी रहे और 15 वर्षों बाद यहां भाजपा का बोर्ड बना है। चौहटन में तो कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका है।

वहीं, जैसलमेर में वर्षों बाद भाजपा का बोर्ड बना तथा बालोतरा के सभी सातों निकायों में हमारे बोर्ड बने हैं। यह व्यापक जनादेश राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे शानदार विकास कार्यों के प्रति जनता के सकारात्मक समर्थन को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पौने तीन वर्षों में बाड़मेर में 3 हजार 907 करोड़ रुपये, बालोतरा में 34 हजार 695 करोड़ रुपये और जैसलमेर में 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों से क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और संगठन का संदेश अंतिम छोर तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नगर निकाय चुनावों में मिली जीत की ऊर्जा लेकर अब वे उसी जोश और दृढ़ता से पंचायती राज चुनावों में जुटें और हर गांव, हर ढाणी में विकास का कमल खिलाने के संकल्प के साथ आगे बढें।

DIRECTOR WORKS (EO)
Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner
क्रमांक : F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2026-27/451 - 64 दिनांक :- 28/09/2026
निविदा सूचना संख्या 04 वर्ष 2026-2027
राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : VAU2627WSOB00086
निदेशक कार्य
राजुवास, बीकानेर
राज.संवाद/सी/26/11009

कार्यालय ग्राम पंचायत सांकरणा, पं. स. जालोर जिला जालोर
क्रमांक / ग्रापं / 2026-27/83 दिनांक : 29/09/2026
निविदा सूचना संख्या 04/2026-27
ग्राम पंचायत सांकरणा द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।
NIB No.: ZJR2627A0883
UBN No.: ZJR2627WSOB01130
प्रशासक
ग्राम पंचायत सांकरणा
पंचायत समिति जालोर (राज.)
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सांकरणा
पंचायत समिति जालोर (राज.)

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रभास्मि शशि सूर्ययोः
कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर
टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ई-मेलः zcejz@jvvnl.org
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के जयपुर शहर वृत्त-दक्षिण के अधिकार क्षेत्र में टीएन-220 के तहत् एआरसी 2025 पर विद्युत कार्य हेतु योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 30.09. 2026 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 13.10.2026 को सांय 04:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। UBN : VVN2627WSOB00488
राज.संवाद/सी/26/10973 जेपीआर - 3237 (2026) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

Municipal Council Dholpur
S.No. - 144 Date -29.09.2026
Corrigendum
Name of work :- सीसी पेच रिपेयर कार्य वार्ड नं 01 से 30 तक, सीसी पेच रिपेयर कार्य वार्ड नं 31 से 60 तक आमंत्रित की गई थी। जिसमें निविदा तिथियों में निम्नप्रकार से संषोधन किया जाता है।
Nit no. - E-17
UBN NO. - DLB2627WSOB20549, DLB2627WSOB20550

Event	Earlier	Revision
Online summission End date and time	07.10.2026 upto 6 PM	10.10.2026 upto 6 PM
Technical Bid open date and time	08.10.2026 at 2 PM	12.10.2026 at 2 PM

Commissioner
Municipal Council Dholpur
Raj.Samwad/C/26/11024

1.20 लाख लीटर अवैध स्प्रिट पकड़ा

बीकानेर । यहां महाजन क्षेत्र में आबकारी विभाग ने विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन टैंकरों से करीब 1 लाख 20 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त की है। बीकानेर-हनुमानगढ़ जिले की सीमा के पास जैतपुर में अरजनसर-पल्लू मेगा हाईवे पर की गई इस कार्रवाई में मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। टैंकरों से स्प्रिट निकालकर ड्रमों में भरी जा रही थी। विभाग ने ड्रमों में भरी करीब 600 लीटर अतिरिक्त स्प्रिट भी जब्त की है । पुलिस के अनुसार, आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि जैतपुर के पास हाईवे किनारे स्प्रिट से भरे टैंकर खड़े हैं और उनमें से अवैध रूप से स्प्रिट निकाली जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां आरोपी टैंकरों से ड्रमों में स्प्रिट निकालते हुए मिले। टीम ने तीनों टैंकरों की तलाशी ली तो प्रत्येक में करीब 40-40 हजार लीटर स्प्रिट भरी हुई मिली। इस तरह तीनों टैंकरों से कुल करीब 1 लाख 20 हजार लीटर स्प्रिट बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि स्प्रिट पंजाब से भरकर सुजानपुर होते हुए गुजरात के सिधपुर-पाटन ले जाई जा रही थी। आबकारी विभाग न 4

कांग्रेस का सबसे बड़ा एजेंडा तुष्टीकरण व भ्रष्टाचार है : सीएम

- कांग्रेसियों की गणित कमजोर है तो ट्यूशन लगवा देंगे, 4 लाख नौकरियों का हिसाब डायरी में कर लें नोट
- कांग्रेस के राज में बर्बाद हुए युवाओं के सपने, हमारे कार्यकाल में नहीं हुआ एक भी पेपर लीक

बाड़मेर, । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाड़मेर के चोहटन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जोधपुर संभाग ने निकाय चुनाव में भाजपा पर भरोसा जताया और कांग्रेस का सुपडा साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि निचले स्तर पर विकास निकाय और पंचायत के माध्यम से ही होता है। डबल इंजन सरकार में निकाय का तीसरा इंजन जुडने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं गांव में रहे हैं इसलिए गांव के हालातों को अच्छे से जानते हैं। किसान और गरीब की आवश्यकताओं को समझते हैं। जबकि कांग्रेस के लोग जाति और धर्म की बात करते हैं। जमकर झूठ बोलते हैं, इनको कोई दूसरा काम नहीं बचा है। कांग्रेस के लोगों का सबसे बड़ा एजेंडा तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस चुनाव हारती है तब-तब ईवीएम को दोष देती है। कांग्रेस के लोग भाजपा पर निकाय चुनाव से पहले ही प्रशासन का फायदा उठाने के गलत आरोप लगा रहे थे। लेकिन जब नतीजे आए तो जनता ने बता दिया कि उसका आशीर्वाद हमारे साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में प्रदेश का युवा परेशान था। लगातार पेपरलीक होने से युवाओं के सपने चकनाचूर हो गए थे। लेकिन हमारी सरकार आने के बाद पौने तीन साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। युवाओं से 4 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा करते हुए अब तक 1,89,000 से अधिक पदों पर नियुक्ति पत्र दिए हैं, 1,22,000 पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है और सवा लाख पदों पर भर्ती कैलेण्डर भी निकाल दिया है। अब कांग्रेस के लोग डायरी पेन लेकर बैठें और हमारे भर्ती के वादे का हिसाब रख लें और अगर उनकी गणित कमजोर है तो ट्यूशन लगवा देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस को विकास नहीं दिख रहा है। इसलिए वे लोग या तो अपनी नजर की जांच करवाएं या सही नंबर का चश्मा पहनें। प्रदेश पहले ही देख चुका है कांग्रेस के शासन में किस प्रकार से निकाय और पंचायत के चुनाव करवाए गए और लगातार आचार संहिता लगाई गई, जिससे विकास कार्य नहीं करने पडें। उन्होंने कहा कि सवा महीना तो कांग्रेस की सरकार जैसलमेर में ही रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में निकाय की तरह अब पंचायतों के विकास का भी तीसरा इंजन जोड़ने का समय आ गया है। जिससे प्रदेश में गांव-गांव तक विकास के काम तेजी से पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायती राज चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस का एक बार फिर सूपड़ा साफ करेगी और भाजपा का कमल खिलेगा।

जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः जविप्रा/अधि.अभि.(विद्युत-चतुर्थ)/जॉब नं. 064-2026-27/डी-1155 दिनांक : 28.09.2026
निविदा सूचना
निविदा सूचना: जविप्रा-08/2026-27
जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Shifting/Dismantling of LT/HT lines and P&F of Street light at U-Turn New Sanganer road, B2 Bypass JDA, Jaipur" जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 149.54 लाख के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 09.10.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 09.10.2026 को सायं 6.00 बजे तक हैं निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
(UBN No.: JDA2627WSOB00352)
निविदा में भाग लेने वालों को निम्न शर्तो की पूर्ति करनी होगी।
1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदादाताओं का राजस्थान सरकार के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत-चतुर्थ)
राज.संवाद/सी/26/11060

जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः जविप्रा/अधि.अभि.(विद्युत-।)/जॉब नं. 374/2026-27/डी-270 दिनांक : 29.09.2026
बिड आमंत्रण सूचना
बिड संख्या-14/2026-27
जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Providing and Fixing of High Mast Light on Hare Krishna Marg (Mahal Road) Zone-09, JDA, Jaipur (Part-II)" जिसकी अनुमानित राशि रू. 68.38 लाख के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 09.10.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जयपुर विकास प्राधिकरण पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 09.10.2026 को सायं 6.00 बजे तक हैं निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
(UBN No.: JDA2627WSOB00351)
निविदा में भाग लेने वालों को निम्न शर्तो की पूर्ति करनी होगी।
1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदादाताओं का राजस्थान सरकार के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजिकृत हो
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत-।)
राज.संवाद/सी/26/11059

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त बारां
क्रमांक : 2022 दिनांक : 24/09/2026
निविदा सूचना संख्या 15/2026-27
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपखण्ड कार्यालय अटरू का निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत्त बारां
DIPR/C/16593/2026

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/178 - 180 Date :- 23/09/2026
ई-निविदा सूचना संख्या : 47/2026-27
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	: रूपये 240.74 लाख (14 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि	: 28.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 21.10.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	: 28.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 21.10.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	: 22.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2627WSOB00296 To ITU2627WSOB00309
अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/26/10977

वरिष्ठ साहित्यकार आशा पाण्डेय ओझा को मिलेगा "गंगा दुलारी शुक्ला" स्मृति बाल साहित्य पुरस्कार'

राष्ट्रीय बालसाहित्य संगोष्ठी व सम्मान समारोह तीन से

जयपुर। वरिष्ठ साहित्यकार एवं त्रिसुगंधि साहित्य, कला एवं संस्कृति संस्थान, उदयपुर की संस्थापक अध्यक्ष आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' का चयन प्रतिष्ठित 'गंगा दुलारी शुक्ला स्मृति बाल साहित्य पुरस्कार' के लिए किया गया है। यह सम्मान 'बालवाटिका' मासिक की ओर से आयोजित 27वीं राष्ट्रीय बालसाहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह-2026 में प्रदान किया जाएगा।

'बालवाटिका' के संपादक व कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. भैरूंलाल गर्ग ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय बालसाहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन 3 एवं 4 अक्टूबर 2026 को विनायक विद्यापीठ, भुनास, जिला-भीलवाडा (राजस्थान) में किया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए बाल साहित्यकारों की सहभागिता रहेगी तथा चयनित साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। आशा पाण्डेय ओझा को सम्मान के साथ 11,000 की सम्मान राशि, स्मृति चिह्न, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया जाएगा।

डॉ. आशा पाण्डेय ओझा

- आशा पाण्डेय ओझा को सम्मान के साथ 11,000 की सम्मान राशि, स्मृति चिह्न, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया जाएगा।
- सामाजिक चिंतक आशा पाण्डेय ओझा पिछले चार दशकों से साहित्य-सृजन में सक्रिय हैं।

सुप्रसिद्ध लेखिका और सामाजिक चिंतक आशा पाण्डेय ओझा पिछले चार दशकों से साहित्य-सृजन में सक्रिय हैं। उनकी विविध विधाओं में अब तक 13 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

उनकी रचनाएँ 40से अधिक साझा काव्य/ साहित्यिक संकलनों में प्रकाशित हुई हैं। उनकी अनेक रचनाओं का, उर्दू, पंजाबी, उड़िया गुजराती, भोजपुरी, नेपाली सहित कई भाषाओं में अनुवाद भी हो चुका है। साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अब तक विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा 200 से अधिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। आशा पाण्डेय ओझा ने देश-विदेश में आयोजित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठियों, सम्मेलनों एवं साहित्यिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता की है। बाल साहित्य, कविता, गीत ग़ज़ल साक्षात्कार, छंद, कहानी, सहित साहित्य की विभिन्न विधाओं में निरंतर लेखन करते हुए उन्होंने साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में संस्थागत स्तर पर भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः जविप्रा/अधि.अभि.(विद्युत-।)/जॉब नं. 104/2026-27/डी-266 दिनांक : 29.09.2026
बिड आमंत्रण सूचना
बिड संख्या-12/2026-27
जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Shifting/Dismantling of LT/HT lines which are occurring hindrance during bridge widening work at Gyan Ashram School, Dravyavati River, JDA, Jaipur" जिसकी अनुमानित राशि रू. 67.92 लाख के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 09.10.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जयपुर विकास प्राधिकरण पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 09.10.2026 को सायं 6.00 बजे तक हैं निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
(UBN No.: JDA2627WSOB00348)
निविदा में भाग लेने वालों को निम्न शर्तो की पूर्ति करनी होगी।
1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदादाताओं का राजस्थान सरकार के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजिकृत हो
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत-।)
राज.संवाद/सी/26/11057